FIROZABAD POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

सराहनीय कार्य दिनाँक 22-09-2025 थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

- **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना शिकोहाबाद व एसओजी/सर्विलांस पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्त सूरजीत उर्फ सीटू यादव को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्तगण के कब्जे से 01 अवैध तमंचा, 01 खोखा कारतूस व 01 जिदां कारतूस व 01 मोटरसाइकिल बरामद।**
- **घायल अभियुक्त को उपचार हेतु जिला अस्पताल भर्ती कराया गया ...**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एंव वांछित अभियुक्तगण की तलाश हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण एंव क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के नेतृत्व में थाना शिकोहाबाद व एसओजी / सर्विलांस पुलिस टीम को दिनांक 21/22-09-2025 की रात्रि में मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि थाना शिकोहाबाद क्षेत्रान्तर्गत 02 शातिर लुटेरे लूट की घटना करने की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा छीछामई नहर पुल पर सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। तभी एक मोटरसाईकिल पर दो संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए जिन्हें पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया। पुलिस टीम को देखकर मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति भागने लगे जिससे हडबडाहट में मोटरसाईकिल फिसलकर गिर गयी। पुलिस टीम को अपनी ओर आता देख दोनों व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी कार्यवाही में एक व्यक्ति पैर में गोली लगने से घायल हो गया तथा एक अन्य व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान सूरजीत उर्फ सीटू पुत्र दाऊ दयाल निवासी नगला कन्हई थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद के रुप में हुई है। फरार अभियुक्त अजय निवासी फतेहपुर थाना शिकोहाबाद की तलाश हेतु पुलिस टीम द्वारा कांबिंग की जा रही है। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त-

1.सूरजीत उर्फ सीटू पुत्र दाऊ दयाल निवासी नगला कनई थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद।

बरामदगी का विवरण –

1. 01 अवैध तमंचा
2. 01 जिंदा कारतूस
3. 01 खोखा कारतूस
4. 01 मोटरसाइकिल

आपराधिक इतिहास अभियुक्त सूरजीत उर्फ सीटू –

1. 706/2023 धारा 120बी, 420, 467, 468, 471, 504, 506 भादवि थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।

गिरफ्तार/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अनुज कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 श्री अमित तोमर प्रभारी एसओजी / सर्विलांस मय टीम जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 मनमोहन शर्मा थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 फैसल खान थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
5. उ0नि0 अरविन्द कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
6. उ0नि0 रजत तोमर थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
7. उ0नि0 नवीन कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
8. का0 907 सुमित कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
9. का0 1409 विजय कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
10. का0 1545 अभिषेक पंवार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
11. चालक हे0का0 अरविन्द कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।